दिन– बुधवार

दिनांक– 19 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. केन्द्र ने पंद्रहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत आज बिहार के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए आठ सौ उनहत्तर करोड़ रुपये का अनुदान जारी किया।

02. राष्ट्रीय जांच अभिकरण, एनआईए ने जाली नोट और आतंकी नेटवर्क चलाने के आरोपी नजरे आलम के भागलपुर और आरा स्थित ठिकानों पर छापेमारी की।

03. बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त मुख्य परीक्षा पच्चीस अप्रैल से तीस अप्रैल तक आयोजित होगी। इक्कीस फरवरी से सत्रह मार्च तक अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन।

04. और, उत्तर प्रदेश सरकार तथा महाकुंभ मेला प्राधिकरण ने महाकुंभ मेले को छब्बीस फरवरी से आगे बढ़ाने की खबर को अफवाह बताया।

---

केन्द्र ने पंद्रहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत आज बिहार के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए अनुदान जारी किया है। बिहार को कुल आठ सौ उनहत्तर करोड़ रुपये का अनुदान जारी किया गया है। ये अनुदान अनिवार्य शर्तें पूरी करने वाली सभी अड़तीस जिला पंचायतों, पांच सौ तीस पात्र ब्लॉक पंचायतों और आठ हजार से अधिक पात्र ग्राम पंचायतों के लिए हैं।

---

राष्ट्रीय जांच अभिकरण, एनआईए ने आज जाली नोट और आतंकी कनेक्शन मामले में आरोपी नजरे आलम के भागलपुर और आरा स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार छापेमारी के दौरान पांच मोबाईलफोन, कुछ दस्तावेज और नब्बे हजार रूपये नकद बरामद किये गये। नजरे आलम नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से जाली नोटों का कारोबार करता था।

---

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने सत्तरवीं संयुक्त मुख्य लिखित परीक्षा की तिथी घोषित कर दी है। परीक्षा का आयोजन पच्चीस अप्रैल से तीस अप्रैल तक किया

जायेगा। अभ्यर्थी इक्कीस फरवरी से सत्रह मार्च तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

बीपीएससी की अधिसूचना के अनुसार पटना में विभिन्न केन्द्रों पर मुख्य परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। आयोग ने अनिवार्य विषयों की परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। इसके अनुसार पहले दिन प्रथम पाली में सामान्य हिन्दी और दूसरी पाली में निबंध की परीक्षा ली जाएगी। छब्बीस अप्रैल को सामान्य अध्ययन प्रथम पत्र और अट्ठाईस अप्रैल को सामान्य अध्ययन द्वितीय पत्र की परीक्षा का आयोजन होगा। उनतीस अप्रैल को पहली पाली में संयुक्त परीक्षा से संबंधित एच्छिक विषय की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी पाली में सीडीपीओ से संबंधित एच्छिक विषय की परीक्षा होगी। अंतिम दिन तीस अप्रैल को वित्तीय प्रशासनिक पदाधिकारी से संबंधित एच्छिक विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं कल्पना झा।

———————————————

प्रदेशभर में कड़ी सुरक्षा के बीच बिहार बोर्ड की वार्षिक मैट्रिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के तीसरे दिन दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गयी। हमारे शेखपुरा संवाददाता ने बताया कि जिले के एस.ए.डी.एन. परीक्षा केंद्र पर कदाचार के आरोप में सात परीक्षार्थियों को निष्कासित कर दिया गया है। जिलाधिकारी आरिफ अहसन ने परीक्षा केंद्र पर तैनात मजिस्ट्रेट के विरूद्ध भी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया है।

———————————————

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने ग्रामीण नागरिकों के जीवन को अधिक आरामदायक बनाने के लिए कई क्रांतिकारी योजनाए शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है। श्री सिंह ने नई दिल्ली में अफ्रीकी—एशियाई ग्रामीण विकास संगठन— एएआरडीओ के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत एएआरडीओ को अपने समर्थन के साथ ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाएगा।

———बाइट———

मैं आर्डो को धन्यवाद देना चाहता हूं कि हमारे क्षेत्र में ग्रामीण समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए सामूहिक समर्पण को दर्शाता है। परिवर्तनकारी समाधान तलाशने और मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देने के प्रति आर्डो की प्रतिबद्धता, एकता और प्रगति के लिए दक्षिण—दक्षिण और त्रिकोणीय सहयोग की भावना का प्रमाण है जो आर्डो को परिभाषित करता है और जो भारत के लिए भी एक मंत्र है।

इस दौरान श्री सिंह ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, एक पेड़ मां के नाम अभियान और लखपति दीदी जैसी योजनाओं पर बल दिया।

———————————————

ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने राजीव कुमार का स्थान लिया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद अपने संदेश में श्री कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है।

———बाइट———

राष्ट्र सेवा के लिए पहला कदम है मतदान। इसलिए भारत का हर नागरिक, जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हो उन्हें मतदाता जरूर बनना चाहिए और मतदान अवश्य करना चाहिए। भारत के संविधान लोक प्रतिनिधित्व कानूनो, नियमों और उनके अंतर्गत जारी निर्देशों के अनुरूप चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा।

श्री कुमार केरल कैडर के उन्नीस सौ अंठानवे बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। इससे पहले, श्री कुमार पंद्रह मार्च, दो हजार चौबीस से चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यरत थे।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि शिक्षा का असली उद्देश्य समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना है। श्री खां ने मधेपुरा में बीएन मंडल विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हर मनुष्य को एक नया जन्म देती है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले छप्पन छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किए। दीक्षांत समारोह में एक हजार तीन सौ नब्बे विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिये गए।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में आज रोहतास जिले में तीन हजार सात सौ बेरानवे करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने सासाराम प्रखंड के बेलाढ़ी स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में कई योजनाओं के शिलापट् का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने दुर्गावती में ईको–टूरिज्म, एंडवेंचर हब और हॉट एयर बैलून कार्यक्रम का उद्घाटन किया। श्री कुमार ने बिक्रमगंज के वाजीतपुर में काव नदी पर प्रस्तावित पुल के निर्माण स्थल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदियों के साथ संवाद किया।

---

बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत आज से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। योजना के तहत पात्र लाभुक पांच मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अंतर्गत उनसठ हजार लाभुकों का चयन लौटरी के आधार पर किया जाएगा। जिन्हें स्वरोजगार के लिए दो लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

---

और, अब खबरे महाकुंभ से....

–––म्यूजिक–––

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में लाखों श्रद्धालुओं का आना जारी है। महाकुंभ में अब तक छप्पन करोड़ बारह लाख श्रद्धालु पवित्र जल में डुबकी लगा चुके हैं। इस आयोजन के मुख्य आकर्षणों में संगम के पास प्रतिष्ठित बड़े हनुमान मंदिर भी शामिल है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस मंदिर का सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व बहुत अधिक है, पवित्र स्नान के बाद यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

---

उत्तर प्रदेश सरकार और महाकुंभ मेला प्राधिकरण ने ऐसी अफवाहों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया जा रहा है कि प्रयागराज में महाकुंभ मेले को छब्बीस फरवरी से आगे बढ़ा दिया गया है। प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र मॉदड ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाह पूरी तरह निराधार है। एक रिपोर्ट–

–––वाइस कास्ट–––

---

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आज प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की पवित्र डुबकी लगायी। श्री मांझी ने कहा कि संगम में स्नान करने से उनका तन–मन पवित्र हो गया है।

–––बाइट––

---

दानापुर और सिकंदराबाद के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या. बारह हजार सात सौ बानवे और बारह हजार सात सौ इकानवे, दानापुर–सिकंदराबाद–दानापुर एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक बीस फरवरी से अटठाईस फरवरी तक रद्द रहेगा। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने यह जानकारी दी।

---

प्रदेश के अधिकतर भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि का क्रम जारी है। तेज धूप के कारण अधिकांश भागों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। विभाग ने कहा है कि इसके बाद राज्य के उत्तर–पूर्वी, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में हल्की वर्षा की संभावना है।

———बाइट———

---

मरीजों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराने के मामले में बिहार लगातार पांचवें महीने देशभर में पहले स्थान पर रहा है। राज्य स्वास्थ्य समिति के अनुसार दवा भण्डारण से लेकर वितरण तक दस मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते राज्य को यह उपलब्धि हासिल हुई है।

---

जहानाबाद के गांधी मैदान में एनडीए कार्यकर्ताओं का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में एनडीए के पांचों घटक दल के नेताओं ने भाग लिया।

---

अररिया में आठ मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला और सत्र न्यायाधीश गुंजन पांडेय ने न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

---

दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सौ साल पूरे होने के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत खेल प्रतियोगिताएं, मेहंदी प्रतियोगिता, कुकींग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

---

ग्रामीण कार्य मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी की अध्यक्षता में सीतामढ़ी के समाहरणालय सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की गयी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केन्द्र ने पंद्रहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत आज बिहार के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए आठ सौ उनहत्तर करोड़ रुपये का अनुदान जारी किया।

02. राष्ट्रीय जांच अभिकरण, एनआईए ने जाली नोट और आतंकी नेटवर्क चलाने के आरोपी नजरे आलम के भागलपुर और आरा स्थित ठिकानों पर छापेमारी की।

03. बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त मुख्य परीक्षा पच्चीस अप्रैल से तीस अप्रैल तक आयोजित होगी। इक्कीस फरवरी से सत्रह मार्च तक अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन।

04. और, उत्तर प्रदेश सरकार तथा महाकुंभ मेला प्राधिकरण ने महाकुंभ मेले को छब्बीस फरवरी से आगे बढ़ाने की खबर को अफवाह बताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।